Seventeenth Loksabha

>

Title: Demand to include Seohar district of Bihar under the New India Vision 2022 for the overall ecoomic development of the area.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): मेरे संसदीय क्षेत्र का शिवहर जिला स्वास्थ्य, कृषि, सड़क, शिक्षा, आर्थिक एवं आधारभूत संरचना की दृष्टिकोण से पिछड़ा जिला है ।...(व्यवधान) शिवहर बिहार का ऐसा जिला है जहां प्रति व्यक्ति आय सबसे कम है । इस क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए मैं अनवरत रूप से विगत दस वर्षों से प्रयासरत हूं । यहां बाढ़ एवं सुखाड़ के कारण कृषि क्षेत्र में विकास नहीं है । उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के लिए कोई संस्थान नहीं है ।...(व्यवधान) चिकित्सा के क्षेत्र में आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण एक भी अस्पताल नहीं है । माननीय प्रधान मंत्री जी के न्यू इंडिया विज़न 2022 के तहत बिहार के 13 जिलों सहित देश के कुल 115 पिछड़े जिलों का आकांक्षी जिला के रूप मे चयन किया गया है जिसका उद्देश्य वर्ष 2022 तक उन जिलों का देश के अन्य जिलों के समकक्ष विकास करना है, परंतु दुख के साथ कहना चाहती हूं कि शिवहर जिला को न्यू इंडिया विज़न के तहत शामिल नहीं किया गया है जबकि सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड को शिवहर जिला पूरा करता है । ...(व्यवधान) ऐसा प्रतीत होता है कि जो जिला स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, सड़क, आर्थिक एवं आधारभूत संरचना आदि जैसी बुनियादी सुविधाओं के आधार पर सर्वाधिक पिछड़ा है, उसे न्यू इंडिया विजन 2022 से वंचित किया जा रहा है । मेरा मानना है कि न्यू इंडिया विजन के अंतर्गत उन पिछड़े जिलों को शामिल किया जाए जो वास्तव में बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, जिससे इन क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास हो सके तथा देश के जिलों में फैली आर्थिक एवं सामाजिक विषमता को दूर करने में उक्त विजन से सहायता मिलेगी ।...(व्यवधान)

अत: सदन के माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के शिवहर जिला को न्यू इंडिया विजन को 2022 के तहत आकांक्षी जिला के रूप

में शामिल किया जाए जिससे यहां पर बुनियादी आर्थिक विकास का ढांचा तैयार हो सके और लोगों की प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि संभव हो सके । …(व्यवधान)